**कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, उ0प्र0**
**लोक निर्माण विभाग, लखनऊ**
**व्यवस्थापन (ग) वर्ग**

**पत्रांक–10016 व्यग/07 व्यग(06)/2022** दिनांक– 21/10/2022

**सेवा में,**

**मुख्य अभियन्ता,**
**प्रयागराज क्षेत्र,**
**लो0नि0वि0, प्रयागराज।**

**विषयः**–जनपद प्रयागराज में यांत्रिक खण्ड के दूसरे जनपद फतेहपुर में स्थानान्तरण हो जाने के बाद भी क्षेत्रीय मुख्य अभियन्ता द्वारा उस खण्ड के खण्डीय सहायकों का स्थानीय समायोजन विषयक।

**संदर्भः**–संघ की पूर्व बैठक दिनांक 06.09.2022 के प्रमुख अभियन्ता कार्यालय के कार्यवृत्त पत्रांक–2973/व्यख/2022 दिनांक 07.09.2022 का बिन्दु सं0–13

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसकी छायाप्रति संलग्न है। कार्यवृत्त के बिन्दु सं0–13 में इंगित किया गया है कि जनपद प्रयागराज में यांत्रिक खण्ड के दूसरे जनपद फतेहपुर में स्थानान्तरण हो जाने के बाद भी क्षेत्रीय मुख्य अभियन्ता द्वारा उस खण्ड के खण्डीय सहायकों का स्थानीय समायोजन जनपद प्रयागराज के ही अन्य खण्ड में न किये जाने के कारण खण्ड में कार्यरत खण्डीय सहायकों को मानसिक पीड़ा से गुजरना पड़ रहा है, जबकि खण्ड के अन्य जनपद में प्रतिस्थापित होने पर समायोजन हेतु प्रमुख अभियन्ता कार्यालय, व्यवस्थापन 'क' वर्ग द्वारा आपको अधिकृत किया गया है।

अतः पुनः अनुरोध है कि खण्ड के प्रस्तावित किये जाने वाले शासनादेश एवं व्यवस्थापन 'क' वर्ग के पृष्ठांकन द्वारा दिये गये निर्देशों के क्रम में समायोजन की कार्यवाही कराने एवं कृत कार्यवाही की आख्या इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

**संलग्नकः–उपरोक्तानुसार।**

**(विजय सिंह)**
**वरिष्ठ स्टाफ आफीसर (ई0–3)**
**लो0नि0वि0, लखनऊ**

**प्रतिलिपि**–प्रान्तीय अध्यक्ष/महामंत्री, उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग मिनिस्टीरियल एसोसिएशन, प्रेरणा सदन लखनऊ।

US 21.10.22

**वरिष्ठ स्टाफ आफीसर (ई0–3)**
**लो0नि0वि0, लखनऊ**

अनुस्मारक
ई–मेल

**कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, उ0प्र0**
**लोक निर्माण विभाग, लखनऊ**
**व्यवस्थापन (ग) वर्ग**

**पत्रांक–**10022 **व्यग / 01 व्यग(**22 **) / 2022** **दिनांक–**31 **/** 10 **/ 2022**

**सेवा में,**

**समस्त क्षेत्रीय मुख्य अभियन्ता,**
**लो0नि0वि0, उ0प्र0।**

**विषयः**–सेवा में आने से पूर्व एव विगत वर्षो मे विभागीय अनुमति प्राप्त कर / (सिविल / विद्युत / यांत्रिक) मे डिप्लोमा उत्तीर्ण कर्मचारियो की सूचना उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध मे।

**संदर्भः**–इस कार्यालय का पत्रांक–5077व्यग / 01व्यग(22) / 2022 दिनांक–06.10.2022

**महोदय,**

कृपया उपरोक्त संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करे, जिसके अनुसार सेवा मे आने से पूर्व एवं विगत वर्षो मे विभागीय अनुमति प्राप्त कर / (सिविल / विद्युत / यांत्रिक) मे डिप्लोमा उत्तीर्ण कर्मचारियो की सूचना उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध मे इस कार्यालय के पत्रांक–5077व्यग / 01व्यग(22) / 2022 दिनांक–06.10.2022 द्वारा निर्धारित प्रारूप मे सूचना उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया था, परन्तु अभी तक सूचना अप्राप्त है।

अतः आप से अनुरोध है कि आप उपरोक्त सूचना दिनांक–05.11.2022 तक अवश्य उपलब्ध कराने का कष्ट करे। जिससे विभाग मे अद्यतन डाटाबेस तैयार किया जा सके।

**(वी0के0 जैन)**
**मुख्य अभियन्ता (मु0–2)**
**लो0नि0वि0, लखनऊ**

**प्रतिलिपि–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।**

1. प्रमुख अभियन्ता (परि0 / नियो0), लो0नि0वि0, लखनऊ।
2. प्रान्तीय अध्यक्ष / महामंत्री, उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग मिनिस्टीरियल एसोसिएशन, प्रेरणा सदन लखनऊ को प्रमुख अभियन्ता (परि0 / नियो0), लो0नि0वि0, लखनऊ से दिनाक–28.10.2022 को हुई वार्ता के क्रम मे प्रेषित।

**मुख्य अभियन्ता (मु0–2)**
**लो0नि0वि0, लखनऊ**

अनुस्मारक–3
ई–मेल

# कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, उ0प्र0
# लोक निर्माण विभाग, लखनऊ
## व्यवस्थापन (ग) वर्ग

**पत्रांक– 10023 व्यग / 07 व्यग(58)पदोन्नति / 2009** **दिनांक– 31 / 10 / 2022**

**सेवा में,**

**समस्त क्षेत्रीय मुख्य अभियन्ता,**
**लो0नि0वि0, उ0प्र0।**

विषयः–खण्डीय लिपिकों की पदोन्नति के संबंध में।

संदर्भः–इस कार्यालय का पत्रांक–2096व्यग / 07व्यग(58) / पदोन्नति / 2009 दिनांक 10.08.2022 एवं पत्रांक–6028व्यग / 07व्यग(58) / पदोन्नति / 2009 दिनांक 08.09.2022 एवं पत्रांक–10017व्यग / 07व्यग(58) पदोन्नति / 2009 दिनांक– 25.10.2022

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्रों का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से कार्यालय–ज्ञाप सं0–3644व्यग / 7व्यग(15) / 13 दिनांक 27.11.2019 द्वारा प्रचलित ज्येष्ठता सूची के अन्तर्गत खण्डीय संवर्ग के प्रशासनिक अधिकारी, प्रधान सहायक एवं वरिष्ठ सहायक के माह जुलाई 2022 तक के रिक्त पदों पर पदोन्नति किये जाने हेतु ज्येष्ठता क्रमांक आवंटित करते हेतु क्रमांको के अनुसार कार्मिकों की पदोन्नति किये जाने के आदेश दिये गये थे। परन्तु दिनांक–28.10.2022 को प्रमुख अभियन्ता, (परि0 / नियो0), लो0नि0वि0, लखनऊ की सेवा संघों के साथ वार्ता के क्रम में यह संज्ञान में आया कि पदोन्नतियाँ अभी भी लम्बित है।

अतः उपरोक्त संदर्भित पत्रों के अनुपालन में ज्येष्ठता क्रमांक के अनुसार कार्मिकों की पदोन्नति करते हुए कृत कार्यवाही की सूचना दिनांक–10.11.2022 तक इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें तथा यदि किसी पात्र कार्मिक का स्थायीकरण शेष हो उसका भी स्थायीकरण आदेश निर्गत करने का कष्ट करें एवं इस आशय का प्रमाण पत्र उपलब्ध भी उपलब्ध कराये कि अब **किसी भी पात्र कार्मिक का पदोन्नति / स्थायीकरण आदेश उनके यहाँ लम्बित नहीं है।**

**(वी0के0 जैन)**
**मुख्य अभियन्ता (मु0–2)**
**लो0नि0वि0, लखनऊ**

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–**

1. प्रमुख अभियन्ता (परि0 / नियो0), लो0नि0वि0, लखनऊ।
2. समस्त अधीक्षण अभियन्ता, लो0नि0वि0, उ0प्र0।
3. समस्त अधिशासी अभियन्ता, लो0नि0वि0, उ0प्र0।
4. प्रान्तीय महामंत्री, उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग मिनिस्टीरियल एसोसिएशन, प्रेरणा सदन, लखनऊ।

**मुख्य अभियन्ता (मु0–2)**
**लो0नि0वि0, लखनऊ**

**कार्यालय प्रमुख अभियन्ता, उ0प्र0**
**लोक निर्माण विभाग, लखनऊ**
**व्यवस्थापन (ग) वर्ग**

पत्रांक–1601/व्यग/07 व्यग(06)/2022 दिनांक– 21/10/2022

सेवा में,

समस्त क्षेत्रीय मुख्य अभियन्ता,
समस्त अधीक्षण अभियन्ता,
समस्त अधिशासी अभियन्ता,
लो0नि0वि0, उ0प्र0।

**विषयः**–खण्डीय सहायकों की खण्ड एवं वृत्त स्तर पर समय से वार्षिक गोपनीय आख्याओं का न लिखा जाना।

**संदर्भः**–संघ की पूर्व बैठक दिनांक 06.09.2022 के प्रमुख अभियन्ता कार्यालय के कार्यवृत्त पत्रांक–2973/व्यख/2022 दिनांक 07.09.2022 का बिन्दु सं0–11

उपरोक्त विषयक संदर्भित पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसकी छायाप्रति संलग्न है। कार्यवृत्त के बिन्दु सं0–11 में इंगित किया गया है कि वार्षिक गोपनीय आख्या लिखे जाने में संबंधित कई शासनादेशों का पालन विभाग में नहीं किया जा रहा है, जिसके कारण स्थाईकरण, पदोन्नति एवं ए0सी0पी0 व अन्य प्रकरणों में कर्मचारियों को काफी निराशा का सामना करना पड़ता है और अनावश्यक रूप से प्रकरणो के निस्तारण में विलम्ब होता है।

अतः आपसे अनुरोध है कि विभिन्न शासनादेशो में निहित व्यवस्थानुसार समय से वांछित गोपनीय आख्यायें लिखे जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही कराने का कष्ट करें।

**संलग्नकः**–उपरोक्तानुसार।

(विजय सिंह)
वरिष्ठ स्टाफ आफीसर (ई0–3)
लो0नि0वि0, लखनऊ

प्रतिलिपि–प्रान्तीय अध्यक्ष/महामंत्री, उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग मिनिस्टीरियल एसोसिएशन, प्रेरणा सदन लखनऊ।

VS 21/10/22

वरिष्ठ स्टाफ आफीसर (ई0–3)
लो0नि0वि0, लखनऊ